एमआरईआई के स्टूडेंट रूपम शर्मा को मिली इंडियास टॉप इनोवेटर्स अंडर 35 में जगह

– रुपम इनोवेटर्स अंडर 35 अवॉर्ड को प्राप्त करने वाला बना सबसे छोटा व्यक्ति, इससे पहले यह सम्मान फेसबुक के मार्क, लैरी पेज व गूगल के सरजी ब्रिज आदि को दिया जा चुका है।

–एमआईटी टैक रिव्यू के द्वारा किया गया आयोजन

–एमटैक इंडिया 2016 में तीन मिनट की देंगे प्रसैंटेशन

– ग़लोबल इनोवेटर लिस्ट के लिए 8 शामिल, रूपम भी है शामिल

11 मार्च, फरीदाबाद

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) नई सोच के साथ कुछ नया करने के अपने लक्ष्य को लगातार प्राप्त कर रहा है। एमआरईआइ के प्रतिभाशाली स्टूडेंट रूपम शर्मा ने एक बार फिर एक नई उपलब्धि से संस्थान को गौरांवित किया है। मानव रचना यूनिवर्सिटी के सीएसई चौथे सैमेस्टर के स्टूडेंट रूपम शर्मा ने इंडियन एडिशन के इंडियास टॉप इनोवेटर्स अंडर 35 में जगह बनाई है। रूपम को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इससे पहले यह सम्मान फेसबुक के मार्क, लैरी पेज व गूगल के सरजी ब्रिज आदि को दिया जा चुका है। 20 साल का रुपम इस सम्मान को प्राप्त करने वाला सबसे छोटा व्यक्ति बना है। एमआईटी टैक रिव्यू के द्वारा रुपम को इस लिस्ट में शामिल किया गया है।

इनोवेटर्स अंडर 35 बायोटैक्नोलॉजी, कंप्यूटिंग, एनर्जी, मैडिसिन, ट्रांसपोटेशन आदि क्षेत्रों में तकनीकी विकास के लिए प्रोत्साहित करता है। रुपम को अब गलोबल लिस्ट के लिए भारत की तरफ से शामिल किया गया है। यहों नहीं इसके साथ रूपम अब एमटैक इंडिया 2016 में तीन मिनट की प्रसैंटेशन भी देंगे। इंडिया से एमआईटी टैक के द्वारा 8 को इस लिस्ट में

शामिल किया गया है। यह आठ लोग एमटैक इंडिया 2016 में प्रैसेंटेशन देंगे, जो कि 18 व 19 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है।

रुपम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के प्रेसिडेंट डॉ. प्रशांत भल्ला का कहना है कि मानव रचना शैक्षणिक संस्थान को गर्व है कि रुपम जैसा स्टूडेंट्स संस्थान में है। रूपम मेहनती व प्रतिभाशाली है। मैं रुपम को, उसके टीचर्स व मैंटर को इस उपलब्धि पर बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि अपनी इस प्रतिभा और मेहनत के बल पर रुपम उज्जवल भविष्य को प्राप्त करे।

इससे पहले रुपम नैशनल व इंटरनैशनल स्तर पर अपनी नई व अलग सोच का परिचय अलग-अलग प्रतियोगिताएं जीतकर दे चुका है। रुपम माइक्रोसोफ्ट यूथ स्पार्क चैलेंज फोर चेंज 2015 का वर्ल्ड चैंपियन बना व माइक्रोसॉफ्ट इमेजिन कप 2015, याहू एसैंचर इनोवेशन जॉकी 2014 व 2015 का विजेता रहा।

इस बारे में रुपम शर्मा का कहना है कि मैं गौरांवित महसूस कर रहा हूं कि मैं इतने बड़े सम्मान को प्राप्त करने वाला पहला स्टूडेंट बना हूं। मै इस उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने संस्थान व अपने देश को देना चाहूंगा। मैं आशा करता हूं अपनी जज्बे से मैं तकनीक के क्षेत्र में अच्छे बदलाव कर पाउंगा। उन्होंने बताया कि इनोवेटर अंडर 35 का सम्मान प्राप्त करना व उसकी लिस्ट में शामिल होना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आशा करता हूं कि इस जिम्मेदारी को पूरी तरह निभा पाऊंगा।